हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 मई 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 अवैध उत्खनन पर 18 घंटे तक चली कार्रवाई में 30 डंपर...



07 गांधी मैदान पर अब हॉकी प्रशिक्षण शुरू नौनिहालों ...



### अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसपी से मिले विधायक डॉ शर्मा

# हम क्षेत्र में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेंगे

**हमारे विधानसभा क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था और सोहार्दपूर्ण वातावरण देने के लिए हम संकल्पित हैं। यह बात विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम और इटारसी में जगह-जगह बिक रहीं अवैध दारु और सट्टे के कारोबार को लेकर विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा नाराज़ है। जिसे लेकर नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा एसपी डॉ. गुरकरन सिंह से मुलाकात कर नर्मदापुरम एवं इटारसी शहर में संचालित हो रहे अवैध सट्टा व्यापार एवं अवैध शराब बिक्री के कारोबार को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे क्षेत्रवासियों को उत्कृष्ट कानून व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण देने के लिए हम प्रतिबद्ध है। विधायक डॉक्टर शर्मा ने कहा एसपी सिंह ने आश्वत किया गया कि उक्त अवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी। 4 दिन पहले नर्मदा कालेज में छात्रों के गुट और बाहरी युवकों द्वारा की लड़ाई को लेकर कहा कि शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में कानून-व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस सुरक्षा बढ़ाने की चर्चा भी की गई।

### नर्मदापुरम में खुलेआम बिकती है शराब, विवाद भी होते

नर्मदापुरम में नर्मदा नदी से 5 किमी के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध है। ये प्रतिबंध केवल काग़ज़ों तक सीमित है। यहां नगर की सब्जी मंडी, बस स्टैंड, बालागंज, रसूलिया क्षेत्र, पंखी तिराहे, हरियाली चौक के पास टप और देवामाई क्षेत्र में टप में शराब बिकती है। पुलिस ने इन स्थानों पर कार्रवाई कर शराब भी पकड़ी। लेकिन कार्रवाई होने के दो चार दिन बाद फिर शराब माफिया अवैध तरह से शराब बेचने लग जाते है। पुलिस का खौफ इन स्थानों पर देखा नहीं जाता है।

### पहले भी कराया था अवगत

पिछले दिनों रसूलिया क्षेत्र में अवैध रूप से खुलेआम बिक रही शराब की शिकायत मिलने के बाद विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने क्षेत्र में पहुंचकर नागरिकों को आश्वस्त कराया था कि नर्मदापुरम सहित विधानसभा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदित हो कि शराब बिक्री के विरोध में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट एवं वाद विवाद की घटना घटित हुई थी। शिकायत मिलने पर विधायक डॉ शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे थे। डॉ शर्मा ने कहा कि बार बार कहने के बाद भी असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई न होना चिंता का विषय है।

## आबकारी उड़नदस्ते ने अवैध शराब व सामग्री की जब्त, किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम आबकारी उडनदस्ता टीम द्वारा इटारसी शहर दो दिवसों में अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही में क कुल 950 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत कार्यवाही कर 01 प्रकरण कायम किये जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 95 हजार रूपए है। कलेक्टर सोनिया मीना के अवैध शराब के परिपेक्ष में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब की बिक्री,परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत इसी तारतम्य में 15 मई को आबकारी उड़नदस्ता टीम इटारसी शहर द्वारा मदिरा के अबैध विक्रय,परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही में ग्राम लोधडी में दविश देकर 950 किलोग्राम लहान जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 01 प्रकरण कायम किया गये। जप्त मदिरा एवम वाहन की अनुमानित कीमत 95 हजार रूपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में आबकारी उड़नदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक केके पडरिया, आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी, धर्मेंद्र बारंगे का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा सटीक सूचनाएं संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेंगी अवैध शराब के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के निर्देशानुसार पूरे जिले में आबकारी टीमों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं सूचनाएं एकत्रित कर आगामी दिवसों में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में जिले के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यार्थियों को प्रशासन ने दी शुभकामनाएं

**नर्मदापुरम**। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल अंतर्गत जिले में संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024 का कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विभागीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा (केसला) का कक्षा 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिसमें कुल 64 विद्यार्थियों में से 61 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 03 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला का प्रदेश टॉप-10 की सूची में तृतीय स्थान रहा। कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा का कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 82.35 प्रतिशत रहा है। आदर्श आवासीय विद्यालय तवानगर का कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 65 प्रतिशत रहा है।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नर्मदापुरम द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवनी पर कार्यक्रम प्रभारी मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नर्मदापुरम के गणेश उपरारिया द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यकम में कलेक्टर द्वारा सभी वार्ड प्रभारी नर्स को सम्मान स्वरूप उपहार दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कार्य को केवल नौकरी ना समझे इसे मानव सेवा के रूप में करें और अपने कार्य को और अच्छा करने का प्रयास करें क्योंकि डॉक्टर और नर्स दो ऐसे लोग है जिन्हे व्यक्ति जीवंतपर्यंत याद रखता है। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफीसर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये, सचिव मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अमित परसाई द्वारा संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिले के समस्त संगठनों के पदाधिकारी अध्यक्ष संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी मोर्चा नर्मदापुरम पं. रविशंकर दुबे, मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रवीण पटैल, जिला अध्यक्ष दिनेश हॉडा, सचिव अमित परसाई, कोषाध्यक्ष अमित डेहरिया, कार्यक्रम प्रभारी गणेश उपरारिया, विवेक पटवा, प्रकाश डेहरिया, संजीव दुबे, सतीश पटेल, पंकज सोनकिया, शंकर कीर, अनामिका वर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार चिकित्सालय की सीनियर नर्सिंग ऑफीसर दुलारी डेहरिया द्वारा व्यक्त किया गया। जिले में समस्त तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### इनर व्हील क्लब ने दृष्टि बाधित सहयोग संस्था में सोलर लाइट सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष वंदना समैया ने बताया दृष्टिबाधित सहयोग संस्था में बाहर के परिसर में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण परेशानी होती थी। जानकारी मिलने पर वहां पर अंधकार को दूर करने हेतु सोलर लाइट लगवाई गई। इनरव्हील क्लब के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डिस्ट्रिक्ट में सभी जगह में इनरव्हील क्लब द्वारा सोलर लाइट लगवाने का मैचिंग ग्रैंड प्रोजेक्ट दिया गया था। इसी उद्देश्य से शहर में इनर व्हील संस्था द्वारा दो सोलर लाइट लगवाई गई। तारण तरण चैत्यालय की बाहरी दीवार पर भी सोलर लाइट लगवाई गई। यह संस्था मानवता सेवा के लिए शहर में अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए जानी जाती है। इस अवसर पर अध्यक्ष वंदना समैया, उपाध्यक्ष ऋतु जैन, सचिव नीता जैन, आइएसओ अंजू गुप्ता, एडिटर अंशु अग्रवाल, मऊ चौधरी, डॉ ममता सिंह चौहान, मृदुला जैन, कामिनी गिल्ला, विजेता दुबे की उपस्थिति रही है। दृष्टि बाधित सहयोग संस्था के संचालक जूही दुबे ने इनर व्हील सदस्याओ का आभार माना। वही तारण तरण समाज के संरक्षक सुभाष गिल्ला ने इनर व्हील संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर अध्यक्ष वंदना समैया ने बताया कि संस्था द्वारा मानवीय सेवा के लिए सतत कार्य किए जाते हैं। जिससे जरूरतमंद लोगों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं भी प्रदान की जाती है।

## उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें: उपसंचालक कृषि

**फसल की बोवनी के दौरान उर्वरक की समस्या से निजात दिलाने की कवायद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मौसम वैज्ञानिकों द्वारा आगामी खरीफ मौसम में मानसून का निर्धारित समय पर आने तथा सामान्य वर्षा होने के पूर्वानुमान को देखते हुए किसान खेती के लिए प्रमुख आवश्यक आदान अर्थात उर्वरको का जिले के डबल लॉक केंद्रों व निजी उर्वरक विक्रेताओं से अपनी आवश्यकतानुसार बोवाई के पूर्व ही उठाव करे, ताकि उर्वरकों के अग्रिम उठाव से बोवाई के समय कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। खरीफ मौसम के लिए जिले में कुल 62,000 मे.टन यूरिया, 45000 मे.टन डीएपी की आवश्यकता है, वर्तमान समय में जिले में निजी विक्रेताओं तथा डबल लॉक केन्द्रों व सहकारी समितियों में कुल 30500 मी.टन यूरिया तथा 15510 मी.टन डीएपी उपलब्ध है। यूरिया (45 किलोग्राम) 266.50 रुपये प्रति बैग, डीएपी 1350 रूपये प्रति बैग तथा म्यूरेट ऑफ पोटाश 1625 रुपये प्रति बैग है। जिले के डबल लॉक केंद्र नर्मदापुरम में 1311 मे.टन यूरिया, 593 मे.टन डीएपी, 132 मे.टन काम्प्लेक्स, डबल लॉक केंद्र इटारसी में 3598 गे.टन यूरिया, 1777 मे.टन डीएपी, 199 मे.टन कॉम्प्लेक्स, डबल लॉक केंद्र बाबई गे 1417 मे.टन यूरिया, 1302 मे.टन डी.ए.पी, 51 मे.टन काम्प्लेक्स, डबल लॉक केंद्र सेमरीहरचंद में 2548 मे.टन यूरिया, 1127 मे.टन डीएपी 190 मे.टन काम्प्लेक्स, डबल लॉक केंद्र पिपरिया में 3037 मे.टन यूरिया, 301 मे.टन डीएपी, 120 मे.टन कॉम्प्लेक्स तथा डबल लॉक केंद्र बानापुरा में 2213 मे.टन यूरिया, 1987 मे.टन डीएपी, 588 मे. टन काम्प्लेक्स उर्वरक उपलब्ध है। किसान भाई संतुलित मात्रा में अर्थात नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटाश का कृषि वैज्ञानिक द्वारा जारी अनुशंसा अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को संरक्षित रखते हुए उर्वरकों पर होने वाले अनावश्यक व्यय को कम किया जा सके। कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा अनुसार धान की फसल में प्रति हेक्टेयर 130 कि.ग्रा. डीएपी 210 किग्रा यूरिया तथा 70 किग्रा म्यूरेट आफ पोटाश, मक्का में 110 किग्रा डीएपी 220 किग्रा यूरिया, 70 किग्रा म्यूरेट आफ पोटाश जबकि सोयाबीन की फसल में प्रति हेक्टेयर 130-150 किग्रा डीएपी तथा 35 किग्रा/हेक्टेयर म्यूरेट आफ पोटाश का प्रयोग करना लाभकारी होता है। वहीं किसान भाई खरीफ मौसम में बोई जाने वाली सभी फसलों में उर्वरको के प्रयोग करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि नत्रजन की आधी मात्रा, फॉस्फोरस व पोटाश की संपूर्ण मात्रा खेत की तैयारी करते समय अंतिम जुताई के समय प्रयोग करे तथा शेष नत्रजन की आधी मात्रा को दो भागों में बांटकर प्रयोग करे, जिससे उर्वरको की उपयोग दक्षता को बढ़ाया जा सके। इसी क्रम में किसान भाई धान की फसल में नील हरित शैवाल तथा मक्का में एजोटोवेक्टर का प्रयोग करे, वहीं फॉरफोरस भारी उर्वरकों की दक्षता बढ़ाने के लिए सभी प्रकार की फसलों में पीएसबी, (फॉस्फोरस, सोल्यूबिलाइजिंग बैक्टीरिया) का प्रयोग करे। जिले में लगभग 284000 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग फसल की बोवाई हुई है। किसान भाई ग्रीष्मकालीन मूंग की कटाई के उपरांत सर्वप्रथम धान के लिये जितने क्षेत्र में रोपा तैयार करने हेतु नर्सरी स्थापित करेंगे, पहले उसे तैयार करे, इसके बाद ही शेष बचे संपूर्ण खेत की तैयारी करे, जिन क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन मूंग की कटाई देरी से होने की संभावना है तथा किसान भाई धान की सीधी बोवाई सीडड्रिल के माध्यम से करना चाहते है वे पी.बी.-1718, पी.बी.-1509 इत्यादि किस्मों पर चयन कर सीधी बोवाई कर सकते है। उपसंचालक हेड़ाऊ ने किसानों को कहा है कि उन्नत फसल के लिए विभाग द्वारा योजनाओं के अनुसार प्रशिक्षित कृषिविदों के माध्यम से सलाह दी जाती है, उसे आवश्य प्राप्त करें।

## बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए समर कैंप

**ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में जारी है शिविर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रसूलिया सेंटर द्वारा निःशुल्क बाल विकास शिविर का आयोजन बच्चों को नैतिक मूल्य की जागृति के लिए समर कैंप के माध्यम से किया जा रहा है। गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप बच्चों की स्किल डेवलप करने के लिए काफी फायदेमंद है। यही वजह है कि अब धीरे-धीरे समर कैंप का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

### संस्कार परिवर्तन कैंप

इस समर कैम्प का थीम (संस्कार परिवर्तन समर कैम्प) है और कक्षा 6 से 10 तक के लिए है। इसमें आम तौर पर अन्य गतिविधियों के अलावा विभिन्न बाहरी गतिविधियाँ है जैसे की खेल, नैतिक मूल्य, चरित्र का निर्माण, मैडिटेशन, स्मरण शक्ति को बढ़ाना, संगीत, कला और शिल्प और शैक्षिक कार्यक्रम शामिल होते हैं। जिनका उद्देश्य बच्चों में नए कौशल प्रदान करना और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। समर कैंप शिविर में आमतौर पर सभी बच्चों को डेली कुछ नया जीवन में सीखने को मिलेगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने का सबसे अच्छा स्थान है। प्रत्येक शिविर की अपनी अनूठी विशेषताएं और गतिविधियाँ हैं जो वह प्रदान करता है।

### खास बातें

- समर कैंप में कई तरह की एक्टिविटीज होती हैं, जिससे बच्चों का हिडेन टैलेंट सामने आता है।
- समर कैंप में दोस्तों संग मौज-मस्ती करने का मौका मिलता है, जिससे हैवी सिलेबस का प्रेशर कम हो जाता है।
- जिस सब्जेक्ट में इंटरेस्ट नहीं होता उसमें भी संगी-साथियों को देख कर बच्चा इंटरेस्ट लेना शुरू कर देता है।
- बच्चे के अंदर का हेजिटेशन (हिचक) कम होता है।
- पेड़ और क्यारी सजाने की एक्टिविटी से बच्चों में पर्यायवरण को हरा-भरा रखने की समझ पैदा होती है।
- समर कैंप में इंडोर गेम और आउटडोर गेम बच्चों के अंदर कॉन्फिडेंस पैदा करता है।
- 21 सदी में बच्चे को हर प्रकार का ज्ञान -विज्ञानं -आध्यत्मिक ज्ञान होना अनिवार्य है। जिससे बच्चे मेंटली डिस्टर्ब ना हो। कम मार्क आये है तो भी बच्चे को मेहनत से आगे बढ़ शक्ते है | मनुष्य के इरादा बुलंद है तो वह कुछ भी कर शकता है |

### नर्मदा तट पर आयोजित रामकथा का रसपान कराते हुए बोले संत सीताराम दास महाराज

# सीतारूपी भक्ति और रामरूपी ज्ञान के बिना अंहकार नष्ट नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम के ग्राम तालनगरी नर्मदा घाट पर चल रही श्री राम कथा के छठवें दिवस पर वृंदावन से आए कथा व्यास संत सीताराम दास महाराज ने बताया कि सीताराम जी के विवाह संपूर्ण जनमानस को आनंदित तो करता ही है साथ ही संपूर्ण जनमानस को प्रेरणा देता है कि सीता रूपी भक्ति ज्ञान रूपी राम का मिलन बिना अहंकार नष्ट किये नहीं हो सकता है शिव का धनुष सात्विक अहंकार है अहंकार तामस राजस या सात्विक हो अंततोगत्वा नष्ट होने के बाद ही सीतारूपी भक्ति प्राप्त होती है शास्त्रों में विवाह की पद्धति आठ प्रकार की बताई गई है ब्रह्म देव आर्ष प्राजापत्य असुर गंधर्व राक्षस व पेशाच है इन सभी विवाहों में सर्वश्रेष्ठ विवाह ब्रह्म विवाह माना गया है महाराज जी ने श्री राम कथा में बताया कि राम जी के इस विवाह से जनमानस को यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि ब्रह्म विवाह पद्धति से ही विवाह सभी जन मानस को करना चाहिए क्योंकि स्वयंवर पद्धति से विवाह होने के बाद भी राम जी का विवाह ऋषियों ने ब्रह्म विवाह की विधि से विवाह कराया जिसमें माता-पिता वर कन्या के जाति वर्ण धर्म के अनुसार कुल परंपरा की मर्यादा को दृष्टि में रखते हुए किया जाता है। कुंवर कुंवरी कल भावरी देही, नयन लाभ सब सादर लेही। जब ते राम व्याह घर आए, नित नव मंगल मोद बधाए। इन चौपाइयों से महाराज जी ने श्री राम कथा में भक्तों को भाव विभोर किया श्री राम कथा में तालनगरी गुनौरा बंडूआ पालनपुर खोकसर हाँसहलपुर साब वलखेड़ा बाईखेड़ी जैतपुर नर्मदापुरम शहरी एवं ग्रामीण श्रद्धालुओं ने श्री राम कथा का रसपान किया पंडित भागचंद तिवारी ने बताया कि श्री राम कथा एवं श्री सीताराम महायज्ञ गौ संत सेवा आश्रम के महंत बाल योगी संत श्री श्री 108 श्री कन्हैया दास जी महाराज के सानिध्य में समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है श्री अयोध्या धाम से आए हुए यज्ञ आचार्य स्वामी श्री नंदगोपालाचार्य जी महाराज ने यज्ञ में परिक्रमा का महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ में प्रदक्षिणा परिक्रमा करने से सभी देवताओं की परिक्रमा हो जाती है आप किसी मंदिर की परिक्रमा करेंगे तो केवल मंदिर में विराजमान देवताओं की ही परिक्रमा होगी लेकिन यज्ञ मंडप में 33 करोड़ देवी देवताओं की परिक्रमा हो जाती है परिक्रमा करने से जन्म जन्मांतर के पाप संताप सब नष्ट हो जाते हैं श्री सीताराम महायज्ञ एक कल्पवृक्ष है जो भक्त जिस भाव से आते हैं उनकी वह मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा में ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सभापति निर्मला हंस राय आचार्य विजय पांडे पंडित संजय दुबे विवेक गौर सुरेश वर्मा परसराम पटेल उदय पटेल वीरेंद्र गौर सुरेश पटेल प्रेमसाईं महाराज भागवताचार्य पं सुरेश शर्मा पं कुलदीप पाठक जमना तिवारी दौलत राम की मुकेश पटेल बलवान सिंह चौहान नरेश धुर्वे सहित अनेक ग्रामों के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे 17 मई दिन शुक्रवार मां नर्मदा जी की विशाल चुनरी यात्रा एवं वस्त्र तालनगरी घाट से लेकर के मकोडिया घाट तक अर्पण करेंगे 18 मई दिन शनिवार को श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाएगा।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना प्रशिक्षण 22 मई को

**नर्मदापुरम**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के लिए 22 मई 2024 को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण प्रबंधन एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रातः 11 से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज आईटीआई रोड नर्मदापुरम मैं आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक पाली में कुल 200-200 प्रशिक्षत्रियो को प्रशिक्षण दिया जायेगा। मतगणना में संलग्न समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जेएच कालेज के सामने हटाया अतिक्रमण



**बैतूल।** जिला मुख्यालय पर जेएच कॉलेज के सामने से नगर पालिका बैतूल ने मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाया। इसमें तीन अवैध गुमटी और बाली, पाल, पर्दे जप्त किए गए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिक्रमणकारियों को सुबह ही सूचित कर दिया गया था कि अपना अवैध अतिक्रमण यहां से हटा ले, अन्यथा जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इसमें कुछ लोगों ने खुद ही अपना अधिकांश हटा लिया था और कुछ हटा रहे हैं वही जिन दुकानों पर कोई नहीं था उन्हें नगर पालिका की टीम ने जप्त कर लिया है।

### अधिवक्ता शेखर तिवारी के सेंट्रल नोटरी बनने पर दी बधाई

**बैतूल।** वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर



तिवारी का सेंट्रल नोटरी के लिए चयन हुआ है। भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ ला एंड जस्टिस डिपार्टमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स के नोटरी सेल ने मध्यप्रदेश के लिए सेंट्रल नोटरी की नियुक्ति की, मंगलवार को लिस्ट जारी की है, जिसमें सिविल कोर्ट बैतूल के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर तिवारी को सेंट्रल नोटरी नियुक्त किया है। श्री तिवारी की नियुक्ति पर अधिवक्ताओं एवं मित्रों ने बधाई दी है।

### युवक पर तलवार से किया हमला

**बैतूल।** बैतूलबाजार थानांतर्गत एक युवक को विवाद में बचाव करना बहुत भारी पड़ गया। युवक पर तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया गया है। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैतूलबाजार निवासी पंकज पंडाग्रे के घर के आसपास कुछ लोगों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। पंकज विवाद को बड़ा देखते हुए बीच-बचाव करने पहुंच गया था। इस दौरान उसी पर तलवार से हमला कर गम्भीर घायल कर दिया, इस हमले में युवक को गंभीर चोट

## कलेक्टर सूर्यवंशी ने जिल में अवैध उत्खनन को लेकर की बड़ी कार्रवाई

# अवैध उत्खनन पर 18 घंटे तक चली कार्रवाई में 30 डंपर, 2 पोकलैंड जब्त, एक के विरुद्ध एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया के निर्देशन में अवैध उत्खनन के विरुद्ध बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। मंगलवार की रात 9.30 बजे चार स्थानों डेंडूपुरा, पासईमाल, छिमड़ी, गुवाड़ी ग्राम में खनिज एवं राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में 30 डंपर, 2 पोकलैंड मशीन जब्त की गई। एक पोकलैंड मशीन वाहन चालक जब्ती के बाद लेकर भाग गया। जिसके विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की गई है। खनिज अधिकारी पालेवार द्वारा बताया गया कि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार ग्राम पासईमाल में अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग और अमला की राजस्व टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा तवा नदी के पार क्षेत्र के आंशिक भाग पर अवैध उत्खनन के बाद के निर्मित गड्ढे पाए गए। टीम द्वारा तीनों गड्ढे की नपाई की गई। मौके पर निरीक्षण टीम को चौनपोकलैंड मशीन जब्त की गई। अज्ञात में जब्त उक्त मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अवैध उत्खनन के कार्य में दीपेश पटेल, रवीन्द्र चौहान, प्रदीप दुबे एवं अन्य के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने उसके बाद ग्राम डेडूपूरा खनिज एवं राजस्व अमले शाहपुर के साथ खसरा नं.72 का मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंशिक भाग में खनिज रेत का अवैध भंडारण होना पाया गया। भंडारित रेत 700 घन मीटर होना पाया गया। मौके पर एक जेसीबी मशीन पीले रंग की जब्त की गई। मशीन की अज्ञात में जब्ती की गई। भंडारित रेत सामग्री व जेसीबी को ग्राम कोटवार पासईमाल की सुपुर्दगी में दिया गया। उपस्थित लोगों द्वारा अवैध भंडारण के लिए अरशद कुरैशी को जिम्मेदार ठहराया है।

## जिला प्रशासन को छिमड़ी में मिले 30 डंपर




रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं अवैध भंडारण की शिकायत प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर, तहसीलदार शाहपुर एवं राजस्व अमला शाहपुर तथा उप संचालक सहायक खनिज अधिकारी बैतूल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम गुवाड़ी स्थित रेत भंडारण स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच करने मौका स्थल पहुंचने पर रेत परिवहन कर रहे वाहनों के चलकों द्वारा रेत को खाली कर ग्राम छिमड़ी के सिवाना (मेढ़ा) निर्माणाधीन हल्दीराम रिसोर्ट के पीछे वाहनों को खड़ा कर मौके से भाग गए। मौका स्थल पर रात्रि का समय होने के कारण वाहनों से खाली की गई खनिज रेत की मात्रा को ज्ञात नहीं किया गया। ग्राम छिमड़ी के सिवाना क्षेत्र पर खाली 30 डंपर खड़े पाए गए, जिनके चालक मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण वाहनों को लावारिस जप्त किया गया। मौका स्थल पर जांच दल के सदस्य एवं थाना चोपना का पुलिस बल मौजूद रहा।

### 3172 घमी अतिरिक्त डंप रेत जब्त

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर, तहसीलदार शाहपुर एवं राजस्व अमला शाहपुर तथा उप संचालक सहायक खनिज अधिकारी बैतूल की संयुक्त टीम द्वारा शाहपुर के ग्राम गुवाड़ी खसरा नंबर 230,2 रकबा 2.040 हे स्वीकृत रेत खनिज भंडारण स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर अनेक स्थलों पर रेत खनिज का भंडारण किया जाना पाया गया। उक्त क्षेत्र पर जिले के रेत ठेकेदार, मेसर्स परम डिस्ट्रीब्यूटर्स परम फीलिंग स्टेशन 103ध्2जी छोला रोड भोपाल को स्वीकृत है। मौका निरीक्षण करने पर स्वीकृत क्षेत्र के अतिरिक्त अनेक स्थलों पर रेत के छोटे बड़े ढेर पाए गए। जिनकी टेप से नपाई की गई। नाप अनुसार डम्प मात्रा ज्ञात की गई। डंपर रेत 137310 घन मीटर पाई गई जो स्वीकृत क्षेत्र से 3172 घन मीटर अधिक निकली। जांच के समय रेत ठेकेदार भंडारण अनुज्ञप्तिधारी के कोई भी व्यक्ति प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। मौके पर उपलब्ध रेत मात्रा को लावारिश जब्त कर सुरक्षार्थ मौके पर उपस्थित ग्राम रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव श्री अशोक बारस्कर को सुपुर्दगी में दिया गया।

### अवैध उत्खनन के प्रकरण में बंसल कंस्ट्रक्शन पर 21.53 करोड़ रुपए का अर्थदंड

कलेक्टर के आदेश पर मंगलवार को अवैध उत्खनन के दो अलग-अलग प्रकरणों में एडीएम कोर्ट बैतूल द्वारा बंसल कंस्ट्रक्शन ग्रुप भोपाल पर 21 करोड़ 53 लाख 43 हजार 600 रुपये का अर्थदंड के आदेश दिए गए है। इनमें ग्राम खेड़ीसांवलीगढ़ भूमि से मुरुम का अवैध उत्खनन करने पर 3 करोड़ 28 लाख 86 हजार 600 रुपए एवं गोधना जलाशय के जल भराव क्षेत्र से गौण खनिज मिट्टी मुरुम का अवैध उत्खनन के दोषी पाए जाने पर एडीएम जयप्रकाश सैय्याम की कोर्ट से अर्थदंड से दंडित किया गया है। एडीएम न्यायालय से दोनों ही प्रकरणों में हाल ही में 9 मई को एडीएम के हस्ताक्षर में आदेश जारी किए गए हैं।

#### खेड़ीसांवलीगढ़ में मुरुम का अवैध उत्खनन

उल्लेखनीय है कि 1.12.21 को ग्राम खेड़ीसांवलीगढ़ में निजी भूमि पर बंसल कंस्ट्रक्शन ग्रुप द्वारा बैतूल से चिचोली फोरलेन मार्ग पर सड़क बनाने का काम कर रही। कंस्ट्रक्शन ग्रुप भोपाल द्वारा 10.962 घन मीटर मुरुम अवैध उत्खनन करना खनिज निरीक्षक की रिपोर्ट पर प्रकरण पर अधिकारियों द्वारा किए निरीक्षण मेंअवैध उत्खनन पाया गया।

एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य में कंस्ट्रक्शन कंपनी सड़क निर्माण का कार्य कर रही है और मुरुम को सड़क निर्माण के उपयोग से इनकार नहीं किया जा सकता। उत्खनन स्थल पर समतलीकरण की बात में अनुमति न होने का हवाला देते हुए असहमति व्यक्त की गई। न्यायालय द्वारा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर 3 करोड़ 28 लाख 86 हजार 600 की शास्ति अधिरोपित की गई।

#### गोधना जलाशय के जल भराव क्षेत्र से अवैध उत्खनन

इसी प्रकार एक अन्य आदेश में दूसरे प्रकरण में बंसल पाथवे के विरूद्ध जल संसाधन एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गोधना जलाशय के जल भराव क्षेत्र से बंसल पाथवे द्वारा अवैध उत्खनन किए जाने पर शासन पक्ष के उपरोक्त साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य निर्विवादित रूप से प्रमाणित होता है कि अनावेदक कंपनी द्वारा गोधना जलाशय के जल भराव क्षेत्र में उत्खनित क्षेत्र की भराई की गई है, यदि अनावेदक कंपनी द्वारा गोधना जलाशय के जल भराव क्षेत्र से मुरुम व मिट्टी का अवैध उत्खनन नहीं किया जाता तो, निश्चित रूप से उनके द्वारा उत्खनित क्षेत्र में भराई करने से भी इनकार कर दिया जाता, अनावेदक कंपनी द्वारा जलाशय के उत्खनित क्षेत्र में भराव करने से इनकार नहीं करना उनकी मौन स्वीकारोक्ति को दर्शाता है। यदि अनावेदक कंपनी द्वारा गोधना जलाशय के जलभराव क्षेत्र से अवैध उत्खनन नहीं किया जाता तो उनके द्वारा जांच दल के समक्ष गोधना जलाशय समिति जनपद पंचायत चिचोली जिला बैतूल का अनापत्ति प्रमाण पत्र 25-4-2022 प्रस्तुत नहीं किया जाता। अनावेदक कंपनी द्वारा जांच दल के समक्ष उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के तथ्य का खंडन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रकरण में यह तथ्य निर्विवादित है कि अनावेदक कंपनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 47 बैतूल से चिचोली का निर्माण किया गया है और सडक निर्माण कार्य में मुरुम मिट्टी की आवश्यकता व उपयोग होने के तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। अनावेदक कंपनी की ओर से यह नहीं बताया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 47 बैतूल से चिचोली के निर्माण कार्य में लगने वाला मुरुम मिट्टी खनिज उनके द्वारा कहां से लाया गया है, और किस अनुमति या अनुज्ञा के अधीन उत्खनन किया गया है।

अनावेदकगण पर रुपए 18,24,57,000- (रुपये अठारह करोड़ चौबीस लाख सत्तावन हजार केवल) की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

## पद का दुरुपयोग कर राजस्व अभिलेखो में कूटरचना कर षड्यंत्रपूर्वक लाभ पहुंचाने का आरोप

# भैंसदेही के तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार पटवारी व के विरुद्ध फर्जीवाड़े का मुकदमा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

भैंसदेही में पदस्थ रहे तत्कालीन एसडीएम केसी परते, तहसीलदार संजय बारस्कर, पटवारी अजय जावकर एवं आरोपी शेख साबिर के विरुद्ध न्यायालय भैंसदेही में फर्जीवाड़ा का मुकदमा पेश किया है। न्यायालय ने फरियादी के परिवाद पर अपराधिक संज्ञान लेकर थाना भैंसदेही को 2 जुलाई तक मामले का प्रतिवेदन पेश करने के लिए आदेशित किया है। कोरोना महामारी के दौरान अत्यधिक विवादित रहे तत्कालीन एसडीएम केसी परते, तहसीलदार संजय बारस्कर एवं पटवारी अजय जावरकर के विरूद्ध न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी भैंसदेही के न्यायालय में अपने पद का दुरूपयोग कर राजस्व अभिलेखो में कूटरचना कर षड्यंत्रपूर्वक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुँचाने के कारण उपरोक्त अधिकारियों के विरूद्ध पीड़ित फरियादी शेख आशिक वल्द शेख सिद्धिकी द्वारा अपराधिक परिवाद पेश किया गया है। मामले का खुलासा करते हुये पीडित शेख आशिक ने बताया कि उसके पिता मोृ सिद्दीकी द्वारा अपने जीवनकाल में अपने परिवार के बीच अपनी खानदानी भूमि खसरा नंबर 845/1 रकबा 10.117 हेक्टेयर मौजा भैंसदेही का आपसी बँटवारा करने के लिए रजिस्टर्ड बँटवारानामा 11 फरवरी 1993 निष्पादित किया गया था। जिसके आधार पर तहसीलदार भैंसदेही द्वारा संसोधन कमाक 18 को दिनांक 23 मई 1993 प्रमाणित कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किए गए। जिसके अनुसार पीड़ित शेख आशिक को मौजा भैंसदेही में स्थित खसरा नंबर 845/1 में से 1.214 हेक्टेयर प्राप्त हुई।

### संशोधन में परिवादी के नाम खसरा में दर्ज

जिसका राजस्व अभिलेखों में संशोधन होने पर परिवादी के नामे खसरा नंबर 845/9 दर्ज हुआ। इसी प्रकार परिवादी के भाई सादिक को खसरा नंबर खसरा नंबर 845 / 1 में से रकबा 1.214 हेक्टेयर प्राप्त होने पर उसका नामांतरण होने पर खसरा नंबर 885/8 दर्ज हुआ जो मौके पर पश्चिम दिशा में भैंसदेही भिवकुंड मेन रोड के किनारे थे यह अभिलेख करीब 30 वर्ष तक यथावत रहा। उसके बाद शेख साबिर द्वारा षडय़ंत्रपूर्वक पटवारी अजय जावकर, तहसीलदार संजय बारस्कर तथा तत्कालीन एसडीमएम कैलाशचंद्र परते से साँठगाँठ कर अपने नाम के खसरा नंबर 845/10 रकबा करीब 3 एकड़ को मेन रोड भैंसदेही भिवकुंड डामरीकरण रोड के किनारे प्रतिस्थापित करने हूत आवेदन पेश किया। जिस पर उपरोक्तआरोपियो एकतरफा कार्वाही कर पीड़ित के भाई शेख साबिर के मंशानुरूप अभिलेख नका दुरुस्त कर उसे भैंसदेही भिवकुड रोड पर रोड के सामने प्रतास्थित कर दिया गया, जो नक्शा साबिर के तीन एकड़ के लिए स्थापित किया गया है, वह करीब 5 एकड़ का है।

### शासकीय दस्तावेजों में कूट रचना की गई

उपरोक्त कार्यवाही में आरोपीगण द्वारा षड्यंत्रपूर्वक परिवादी को तथा अन्य खातेदार को मूल प्रकरण क्रमांक 0080/ ब / 6 (अ) वर्ष 2022-23 मौजा भैंसदेही में पक्षकार नही बनाया गया। उन्हे सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। मामले में विधिवत ईश्तेहार का प्रकाशन नहीं किया गया। साबिर को अवैध लाभ पहुँचाने के आशय से परिवादी के खसरा नंबर 885/9 को भैंसदेही भिवकुंड मेन रोड से पश्चिम दिशा से अंत में पूर्व दिशा में स्थापित कर शासकीय दस्तावेजो में कूट रचना की गई।

## शत प्रतिशत रहा सतपुडा वैली पब्लिक स्कूल का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 12वी हायर सेकंडरी एवं कक्षा 10वीं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घाषित किए गए। परीक्षा परिणाम में जिले का अग्रणी सीबीएससी स्कूल सतपुडा वैली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर बाजी मारी। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के मैनेजर शिवशंकर मालवीय ने बताया कि स्कूल में कक्षा 12वी में कुल 44 छात्र-छात्रए परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी छात्र छात्राए उत्तीर्ण रहे। सतपुडा वैली पब्लिक स्कूल के नमन राठौर ने 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशी सिरोटिया ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पायल गिदोडे ने 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 10वी के हाई स्कूल परीक्षा में कुल 58 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी छात्र छात्राएं उत्तीर्ण रहे। मोनिशा महाले ने 94 प्रतिशत एवं मान्या तिवारी 93 प्रतिशत तथा आनंदी प्रजापति ने 92 प्रतिशत, अक्षिता गुप्ता 91 प्रतिशत आरुषी नरवरिया ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सतपुडा वैली पब्लिक स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को डायरेक्टर दिपाली निलय डागा एवं प्राचार्य की ओर से बधाई दी गई।

## संगठन ने मृत युवक का विधिवत किया अंतिम संस्कार

# बेसहारा परिवार का सहारा बनी राष्ट्रीय हिन्दू सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने एक संकल्प लिया था कि जिले में कहीं भी ज्ञात-अज्ञात लाश जिनका अंतिम संस्कार नहीं होने में दिक्कतें हो रहीं हैं उनका तत्परता के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रांत मिडिया प्रमुख सुरज खड़डियां ने बताया कि संगठन के प्रदेश संयोजक पवन मालवीय को सुचना मिली की एक युवक



बैतूल रेलवे स्टेशन के सामने मृत अवस्था में है। जिस पर तत्काल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय एवं संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे और गंज थाना पुलिस विभाग के सहयोग से युवक की शिनाख्ती कर मृत युवक के परिजनों से संपर्क किया गया। युवा जिला सह संयोजक नवीन पटेल ने बताया कि संगठन ने मृतक युवक को समाजसेवी बन्टी राठोर के सहयोग से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस विभाग एवं मृतक युवक के परिजन, संगठन व डाक्टरों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। नगर महामंत्री बिट्टु गोयल ने बताया की मृतक युवक का नाम रोशन मस्कोले पिता महादेव मस्कोले निवासी नरखेड महाराष्ट्र है जिसकी उम्र 30 वर्ष है जो की रेलवे स्टेशन के सामने फुटपाथ पर अपना जीवन यापन कर रहा था। युवा जिला अध्यक्ष अनुज राठोर ने बताया कि मृतक युवक की पत्नी मुस्लिम समाज हैं जिसके दो बालक भी है। मृतक की पत्नी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व से रोशन की तबीयत खराब चल रही थी जिसे गंभीर बीमारी थी हमारे पास रूपये नहीं होने के कारण हमने अच्छा इलाज नही करा पाए। गोलू उघड़े ने बताया कि राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सहयोग से मृतक युवक का अंतिम संस्कार करबला घाट पर विधिवत किया गया। युवक आदिवासी समाज का होने के कारण मृतक को माचना नदी के किनारे में गड्ढा खोदकर उसका अंतिम संस्कार मृतक की पत्नी बच्चों एवं पुलिस विभाग की मौजूदगी में किया गया।

## ग्राम कोटमी भागवत कथा, भगवान कृष्ण-रुक्मणि के विवाह कराया


**शाहपुर।** ग्राम कोटमी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन पंडित राजेश व्यास तिवड़िया वाले ने भक्तों को श्रवण करवाई जा रही है । कथा के छठवें दिन रुक्मणि विवाह का सुंदर उत्सव भागवत कथा के दौरान सुनाया गया। एवं नन्हे मुन्ने बालको के द्वारा राधा कृष्ण का रूप धारण कर रुक्मणि विवाह का उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सभी भक्त रुक्मणि विवाह का आनंद लेकर बहुत ही प्रसन्न हुए और खुशी-खुशी रुक्मणि विवाह में शामिल हुए। भक्तों के द्वारा भगवान कृष्ण एवं देवी रूकमणि का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पंडित राजेश व्यास के द्वारा बताया गया, की रामायण, महाभारत, भगवत गीता, भागवत कथा, इन सभी महापुराणों के द्वारा हमें मोक्ष की प्राप्ति होती है। एवं यह हमें अनमोल शिक्षा रूपी सीख के रूप में रत्न की प्राप्ति होती है।जिससे हमारे जीवन का उद्धार होता है। भागवत कथा का महत्व उनके द्वारा भक्तों को बताया गया। और भक्त इस ज्ञान को प्राप्त कर अपने आप को धन्य समझते हैं। पंडित राजेश व्यास के द्वारा कोटमी ग्राम वासियों की बहुत तारीफ की गई। उनके द्वारा भागवत कथा एक उत्सव के रूप में मनाई जाती है।एवं ग्राम कोटमी में उनके द्वारा यह चौथी भागवत कथा करवाई गई है। कोटमी ग्रामवासी पूरे उनके परिवार जैसे है।

## मुलताई में किया गया विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन

# एक ही दुकान से नहीं बिकेगी पुस्तकें व ड्रेसः पटैरया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य एक ही स्थान पर सभी शासकीय और शासकीय स्कूलों की पुस्तकों को अधिकारियों के निगरानी में उचित मूल्य पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना है। पुस्तक मेले का आरंभ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया ने स्कूली बच्चों से रिबन काटकर करवाया। एसडीएम ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा एक नई पहल का प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत पुस्तक मेलों के माध्यम से शहरी क्षेत्र के पालको एवं छात्रों को एक ही स्थान से पुस्तके, शाला गणवेश अध्ययन सामग्री आदि आसानी से उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। जिससे पालकों को राहत मिलेगी मेले के द्वारा एसडीम द्वारा उपस्थित दुकानदारों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी अपनी स्टाल के साथ-साथ



दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा करें। कोई भी शाला की पुस्तकें एवं गणवेश एक ही दुकान से नहीं बिकेगी । अगर कोई ऐसा करता है तो ठोस कार्रवाई की जाएगी। सक्षम बारमाटे सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, आशीष शर्मा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, कन्या प्राचार्य एमएल विश्वकर्मा सहित सभी शासकीय अशासकीय शाला के प्राचार्य एवं संचालक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय की निजी स्कूलों द्वारा गणवेश एवं पुस्तकों के लिए एक ही स्थान निर्धारित किया जाता है।

### विखं स्तरीय पुस्तक एव गणवेश मेले का हुआ सफलआयोजन

भैंसदेही। राज्य शिक्षा केंद्र एवम जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं हेतु पालकों को गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर एक ही स्थान से पुस्तक,गणवेश क्रय करने की सुविधा हेतु दिनांक 15/05/2024 दिन बुधवार को विकास खण्ड स्तरीय पुस्तक,गणवेश मेले का आयोजन शा. कन्या उमावि भैंसदेही में किया गया हैमेले का शुभारंभ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जी. सी. सिंह तथा विकास खण्ड स्रोत समन्वयक बलदेव उईके, विकास खंड एकेडमिक समन्वयक श्रीराम भूस्कुटे तथा पुस्तक प्रभारी राजकुमार चढोकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर, माल्यार्पण कर किया गया।

## जिले की 32 साइट पर लाइव हुई बीएसएनएल की 4-जी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरकारी कंपनी बीएसएनएल ने आखिरकार लंबे अंतराल के बाद बैतूल जिले के कुछ चुनिंदा साइटों पर 4-जी सेवा को लाइव कर दिया है। अब जिलेवासियों को निजी कंपनी की तरह बीएसएनएल में भी तेज इंटरनेट स्पीड सेवा मिलने लगी है। बीएसएनएल भी निजी कंपनी एयरटेल, जिओ और वीआई को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हो गई है। बीएसएनएल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हाल ही में बीएसएनएल ने बैतूल मुख्यालय सहित जिले के कुछ ब्लॉकों के कुल 32 साइटों पर टेस्टिंग के लिए अपनी 4-जी सेवा को लाईव कर दिया है। उपभोक्ताओं को मोबाईल में 4-जी सिग्नल मिलना प्रारंभ हो गए है। 4-जी सेवा प्रारंभ होने से उपभोक्ताओं के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिल रही है। मुताबिक जिला मुख्यालय पर एक दर्जन से अधिक साईट पर 4-जी की सेवा प्रारंभ की गई है। हालांकि शुरूआत में टेस्टिंग चल रही है, जिसके कारण बीएसएनएल उपभोक्ताओं को थोड़ी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि टेस्टिंग जल्द पूरी हो जाएगी और लोगों को बिना रूकावट के तेज इंटरनेट स्पीड मिलना शुरू हो जाएगी।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

# गांधी मैदान पर अब हॉकी प्रशिक्षण शुरू नौनिहालों ने दिखाया शानदार स्टिक वर्क

खेल विद्याओं में बच्चों को पारंगत करने के लिए समर कैंप के माध्यम से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को शहर के गांधी मैदान पर हॉकी खेल के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें नवोदित खिलाड़ियों को हॉकी बारीकियां सिखाई गईं।



हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी

गांधी स्टेडियम के मैदान पर बुधवार शाम से ग्रीष्मकालीन हॉकी खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। आज पहले दिन बड़ी संख्या में हॉकी के नवोदित खिलाड़ी पहुंचे। इनको कोच कन्हैया गुरयानी, मयंक जेम्स, सीनियर प्लेयर विशाल तोमर और साहिल चौरे प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। आज जिला हॉकी संघ के उपाध्यक्ष डॉ. ताविश अरोरा ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब हौसलों में पंख लग जायें, तो मुकाम तक पहुंचना आसान हो जाता है, और शिविर से कुछ ऐसी ही उम्मीदें हैं, हौसले तो खिलाड़ियों में हैं, अब पंख लगाकर उडऩे के लिए हमारे कोच तैयार करेंगे। शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उनको तराशकर आगे लाने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि गांधी मैदान की मिट्टी ने विश्व स्तर तक खिलाड़ी दिये हैं, यदि एस्ट्रोटर्फ लग जाए तो यहां के खिलाड़ियों की विश्व स्तरीय प्रदर्शन के लिए पंख लग जाएंगे। वरिष्ठ खिलाड़ी जयराज सिंह भानू ने कहा कि हॉकी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, इस तरह के शिविरों के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर किया जा सकता है।

हालांकि यह मैदान वर्षाकाल के अलावा हमेशा हॉकी खिलाड़ियों से आबाद रहता है। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी बच्चों के साथ अपने हॉकी के अनुभव साझा किये। वरिष्ठ खिलाड़ी और जिला हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी ने कहा कि यहां फीडर सेंटर के माध्यम से बच्चों को हॉकी के गुर तो सिखाए ही जाते हैं, उसमें सीमित संख्या होती है लेकिन, ऐसे शिविरों से भी बच्चों को खेल की बारीकियां सीखने में लाभ होगा। संचालन सचिव कन्हैया गुरयानी ने तथा आभार प्रदर्शन मयंक जेम्स ने किया। इस अवसर पर साजिद मलिक, मेहबूब खान, सौरभ दास, हर्ष पांडेय, कपिल यादव, समीर गुप्ता सहित अन्य सीनियर और जूनियर प्लेयर्स मौजूद रहे।

# नगर की बेटियों ने सीबीएसई परीक्षाओं में लहराया परचम

### सेंट पैट्रिक की दिव्यता और शिखा रही कक्षा में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭सोहागपुर

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में स्थानीय सेंट पैट्रिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया स्कूल प्रबंधन से शुभम जैन ने बताया की कक्षा दसवीं में छात्रा दिव्यता वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान छात्र ओम पटेल ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान छात्र आनंद सोनी ओर हर्षवर्धन सिंह पटेल ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय से छात्रा शिखा पटेल ने कक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान छात्रा आस्था चौधरी ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवम छात्रा पलक जैन ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ओर वाणिज्य संकाय में छात्र ध्रुव पांडे ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान छात्र अभिषेक रघुवंशी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं छात्र शिवांश वर्मा ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त छात्र-छात्राओं को प्राचार्य दिलीप कुमार मिंज एवं समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लर्निंग स्कूल के छात्र छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पनारी में स्थापित डी लर्निंग इंटरनेशनल स्टांप स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में परिणाम घोषित किए गए। 2023 24 में इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम विद्यालय स्तर पर कक्षा दसवीं के छात्र अनिरुद्ध चौधरी ने 95% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया 89% के साथ- जहांन आडवाणी तथा 85% के साथ कनिष्क चाणक्य ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बड़ी प्राप्त की वहीं पर कक्षा 12वीं में कॉमर्स सरकार में पूजा सांवरिया ने 93% प्राची छावनिया ने 92% निधि पटेल ने 92% अंक अर्जित किया दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 78% की शानदार औसत अंक में अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पलक गणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय के संचालक हर्षमल पानी आदित्य मालपानी को बधाई एवं आभार प्रदर्शन करते हुए स्कूल संचालक ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### शुभी का सुयश



**माखन नगर।** शहर के किराना व्यापारी संजय लड्ढा की सुपुत्री शुभी लड्ढा ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं में कॉमर्स स्ट्रीम में 92.8% अंक प्राप्त किए हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार और शिक्षकों को भी गर्वित किया है। इस सफलता के साथ, शुभी ने अपने भविष्य के लिए एक मजबूत आधार रखा है और उसे नई ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ने का जज्बा प्रदान किया है। शुभी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता किराना व्यापारी संजय लड्ढा एवं माता सपना लड्ढा जो गृहणी हे एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है।

# सीएम राइज विद्यालय में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

### 12 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭माखननगर

शासकीय सीएम राइज विद्यालय माखननगर में 12 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को हुआ। 21वीं सदी के कौशलों का विकास रचनात्मक सृजनशीलता कौशलों का विकास की थीम पर आधारित इस कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि बीईओ सुषमा पीपरे अध्यक्ष श्याम सिंह पटेल थे।




समर कैंप में भाग लेने वाले बालक बालिकाओं द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया गया। गणगौर नृत्य, शक्ति की आराधना एवं प्यारी मां नृत्य की प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर संस्था के दसवीं के टॉपर हृदयेश तिवारी उनके पालक राकेश तिवारी एवं विनीता तिवारी को सम्मानित किया गया ।

कैंप प्रभारी सुनील शर्मा द्वारा बताया गया कि इस कैंप में ड्राइंग एवं पेंटिंग आरती नामदेव ,खुशी नामदेव, शास्त्रीय नृत्य नंदनी यादव, खेल योग एवं एरोबिक्स नैना शर्मा, भावना सोलंकी ,सुजल शर्मा द्वारा बच्चों को कला कौशल सिखाया गया। संस्था के प्राचार्य के के दुबे द्वारा कैंप की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सपना गौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर एच एम वर्षा सोनी ,सारिका पांडे, एचएल कहार अमित यादव रितु दुबे नुजहत खान नफीसा खान रतन राठौर सत्यम दुबे लोकेश अहिरवार सुषमा अहिरवार एवं अनेक पालक उपस्थित रहे।

# बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए होते हैं समर कैंपः संजीव दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



नगर के एकमात्र सीएम राइज स्कूल में 15 दिन से लगातार चल रहे समर कैंप का समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहित यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर संजीव दुबे के द्वारा अतिथियों के साथ सरस्वती पूजन किया गया संस्था की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया संस्था प्रचार संजीव दुबे एवं शिक्षण स्टाफ ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया वहीं पर संजीव दुबे ने स्वागत भाषण में उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों को समर कैंप में प्रेषित करने के लिए धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि मोहित यादव ने अपने उद्बोधन में छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल पेंटिंग क्ले आर्ट आदि को बहुत सारा एवं उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए उन्होंने उपस्थित छात्रों के अभिभावक बालकों को अपने-अपने छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। खेल के प्रति रुचि जागृत करने को भी कहा शिक्षक पालक उसे प्रतिभा को पहचान कर उसे दक्ष करें समर कैंप प्रभारी ज्ञानेंद्र धनिया ने कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की अरुण गढ़वाल ने कैंप शिविर में जुड़े संस्करण सुनाएं कार्यक्रम में भी आर सी प्रदीप शर्मा आईटीआई के प्राचार्यश्री केवट विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव वंदना बरोलिया सत्येंद्र भदोरिया निधि पगड़ी चंद्रभूषण परसाई गिरीश गौतम सुरेश पटेल सूजन रघुवंशी प्रीतम सिंह पुरबिया सचिन पुरवइया उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनीष जैन के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अर्चना कर के द्वारा व्यक्त किया गया। बिहार कैंप का समापन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# भाजपाइयों ने पूर्व मंत्री दुबे को अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री मप्र शासन स्वर्गीय विजय दुबे (काकू भाई) के निधन पर उनके निवास कावेरी स्टेट न्यास कॉलोनी पर पहुंचकर मध्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं श्रीगरुड़ पुराण पाठ भी सुना। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ चिकित्सक राजेश शर्मा ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर साथ में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक दीपक हरिनारायण अग्रवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंघल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, भाजपा इटारसी नगर अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, महिला मोर्चा इटारसी नगर अध्यक्ष जागृति आशीष भदोरिया, महिला मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष बबीता चौहान सहित परिवार से स्व. काकू भाई के छोटे भाई डॉ. अजय दुबे, अभय दुबे, संजय दुबे, भाजपा पार्षद कीर्ति संजय दुबे, स्व. काकू भाई के पुत्र अनुभव दुबे, उत्कर्ष संजय दुबे एवं समस्त परिवारजन उपस्थित थे।

# कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में युक्त शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का मुख्य विषय उच्च शिक्षा में उद्यमिता एवं नवाचार था। इस विषय पर तीन अलग-अलग राज्यों के मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे प्रथम मुख्य वक्ता डॉ याग्नेश डलवादी, डॉ जयंत कुमार गुप्ता, डॉ पवन कुमार गुप्ता हरियाणा से उपस्थित रहे तीनों भक्तों ने उच्च शिक्षा में उद्यमिता नवाचार से संबंधित विषयों पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किया।

शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर राकेश वर्मा के साथ प्राचार्य डॉक्टर कामिनी जैन इस बच्चे न की विशिष्ट अतिथि रही उन्होंने भी अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया वेबीनार में लगभग 120 शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विद्वान सहायक प्राध्यापक सुधार थी एवं विद्यार्थी वेबीनार को सुनते रहे राष्ट्रीय वेबीनार में छह राज्यों के 15 शोध कर्ताओं के द्वारा अपने पेपर का प्रस्तुतीकरण किया गया कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार चौक से के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉक्टर आईजी पटेल प्रोफेसर डॉ एस के मेहरा एस के बघेल आर के दिलावरी डॉ रवि विश्वकर्मा, बसंत कुमार,डॉ सुनील कुमार, अरुण कुमार मोहता एवं समस्त लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन से ओमेक्स कंपनी की पानी की 300 बोतलें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी




रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर लावारिश हालत में पड़ी इटारसी में अनाधिकृत पानी की करीब तीन सौ बोतलें जब्त की गई हैं। बुधवार दोपहर रेलवे प्लेटफार्म पर घूमते हुए स्टेशन अधीक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान, डिप्टी एसएस कमर्शियल विकास कुमार सिंह, सीएचआई अशफाक खान को ये बोतलें दिखीं, जो इटारसी में बिक्री के लिए वैध नहीं हैं। दरअसल, इटारसी में रेल नीर पानी की बोतलें ही बेचने के लिए वैध हैं, अन्य किसी कंपनी का पानी नहीं बेचा जा सकता है। हालांकि ओमेक्स कंपनी का जो पानी जब्त किया है, वह भी खराब या दूषित नहीं है, लेकिन इसे इटारसी में नहीं बेचा जा सकता है, इटारसी में केवल रेल नीर बेचने के लिए अधिकृत है। यह पानी की बोतलें इटारसी के प्लेटफार्म पर कैसे आयीं, यह जांच का विषय हो सकता है, फिलहाल इनको कमर्शियल के जिम्मे कर दिया है।

# शाला त्यागी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय पुनः प्रारंभ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से शाला त्यागी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय पुनः प्रारंभ करके का निवेदन किया। बुधवार को यहां नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के कार्यालय में पहुंचे प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने स्कूल शिक्षा से दूर शाला त्यागी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय पुनः प्रारंभ करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि जिले में एक मात्र आवासीय विद्यालय राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से अशासकीय संस्था द्वारा संचालित होता था, किन्त 4 वर्ष पूर्व शासन ने स्वयं चलाने का निर्णय लेकर बंद कर दिया और पवारखेड़ा स्थित भवन में प्रारंभ कर दिया। जिसमें मात्र 20 बच्चों की व्यवस्था थी, उसका भी संचालन नहीं किया। विगत माह में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शासन को पत्र लिखकर अन्य जिले में संचालित करने का पत्र दे दिया। उन्होंने मंत्री से निवेदन किया कि शासकीय या अशासकीय संस्था के माध्यम से संचालित हो जिससे आदिवासी अंचल के साथ प्लेफॉर्म पर रहने वाले ओर पन्नी बीनने बाले बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा सके।



### पुराना गल्ला मंडी निषादराज प्रशाल में हुआ धार्मिक आयोजन

# युवा मांझी समाज ने केवट महाराज की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी

बुधवार को युवा मांझी समाज संगठन (युमांस) इटारसी ने पुराना गल्ला मंडी वार्ड नं 30 के श्री निषादराज प्रांगण में केवट महाराज की जयंती पर आरती पूजन कार्यक्रम बडी धूमधाम से किया। युवा मांझी समाज संगठन के अध्यक्ष संतोष रायकवार ने उपस्थित सभी समाजिक बन्धुओं के बीच में प्रभु श्रीराम एवं केवट महाराज की कथा का वाचन किया। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास के दौरान उन्हें गंगा नदी पार करनी थी। गंगा नदी के तट पर प्रभु श्री राम की मुलाकात केवट महाराज से हुई। श्री राम ने केवट महाराज से नाव मांगी लेकिन केवट महाराज ने शर्त रखी कि नाव में चढऩे से पहले राम जी की चरण धोने दें। प्रभु श्री राम ने केवट महाराज की शर्त मान ली और उन्हें चरण धोने दिए।




इस बात को सुनने के बाद केवट महाराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पैर धोने के लिए एक थाल लाये और प्रभु श्री राम के पैर धोए। पैर धोते समय जब दूसरा पैर मिट्टी में लिपट जाता तो केवट महाराज दुखी हो गये, तब श्री राम एक पैर पर खड़े हो गए, केवट महाराज प्रभु को एक पैर पर देखकर दुखी हो गये और उनसे सिर का सहारा लेने को कहा। केवट महाराज की ये बात सुनकर भगवान राम ने केवट महाराज के सिर पर हाथ रखा तो आसमान से पुष्प की वर्षा होने लगी। प्रभु के चरणों के अमृत का पान केवट महाराज और उसके परिजनों ने किया और श्री राम को गंगा नदी पार ले कराई। संरक्षक रोहित रायकवार ने बताया की केवट महाराज ने प्रभु श्री राम के चरण पखारकर गंगा नदी पार करके जन्म जन्मांतर तक मांझी समाज को भव सागर से पार करने का आशीर्वाद लिया था। पूजन कार्यक्रम में यशवंत रायकवार, कैलाश रायकवार, अजय रायकवार, प्रदीप रायकवार, राजकुमार रायकवार एवं वार्ड के सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। संचालन सचिव रजत रायकवार ने, आभार मोहन रायकवार ने किया।

# भागवत कथा में धूमधाम से मना कृष्ण जन्मोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकासखंड के ग्राम गनेरा में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार को चतुर्थ दिवस पर कथा पंडाल में भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया एवं व्यास गादी से आचार्य नारायण जी शास्त्री कांटाफोड़ वालों ने व्यास गादी से उपस्थित श्रोताओं को कृष्ण जन्म की कथा सुनाई कथा का आयोजन परसाई परिवार के लखन परसाई द्वारा किया जा रहा है। कथा पंडाल में कथा श्रवण करने आ रहे भक्तों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है आयोजक लखन परसाई परिवार एवं ग्राम वासियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# स्व. काकू भाई को कांग्रेस जनों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭माखननगर



विगत दिनों मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह राज्य मंत्री विजय दुबे काकू भाई का निधन इटारसी में हो गया ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने माखन नगर के साइ जय हिंद मैरिज गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें कांग्रेस जनों ने दिवंगत काकू भाई को भावभीनी श्रद्धांजलि दी उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों जिसमें नगर परिषद का गठन तहसील कार्यालय का शुभारंभ महाविद्यालय कृषि उपज उपमंडी एवं जनता के कल्याण के लिए कराए गए विकास कार्यों की चर्चा कांग्रेस जनों ने की। स्व. विजय दुबे काकू भाई 1980 से लगातार दो बार इटारसी बाबई विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए थे मोतीलाल वोरा की सरकार के मंत्रिमंडल में काकू भाई को गृह राज्य मंत्री का दायित्व दिया गया था उपस्थित सभी लोगों ने माखन नगरक्षेत्र से विशेष लगाव रखने वाले काकू भाई को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पैरालीगल वॉलंटियर्स योजना अंतर्गत आवेदन 20 मई तक आमंत्रित

**खण्डवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा द्वारा नालसा की पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना के अंतर्गत योग्य एवं उपयुक्त व्यक्ति को पैरालीगल वालेन्टियर के रूप में इम्पैनल्ड करने तथा उनमें से विभिन्न ग्रामों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर स्थापित किये जाने वाले लीगल सर्विसेस क्लीनिक्स (विधिक सेवा केन्द्र), पुलिस थानों में, समाज के कमजोर, पिछड़े व्यक्तियों की सहायता एवं सलाह एवं गुमशुदा बच्चों की मदद करने हेतु संबंद्ध करने तथा राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवा योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के लिये इच्छुक व्यक्तियों एवं पूर्व में इम्पैनल्ड पैरालीगल वालेन्टियर्स से एक वर्षीय सत्र (2024-25) के पैनल के लिये पैरालीगल वालेन्टियर्स के रूप में विधिक सेवा कार्य हेतु आवेदन-पत्र 20 मई को सायं 5 बजे तक आमंत्रित किए हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुपमा मुजाल्दे ने बताया कि नालसा की पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना एवं आवेदन पत्र के संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, खंडवा कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### अवकाश पर प्रतिबंध के आदेश में मिली आंशिक छूट

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने गत 15 मार्च को सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर जाने पर प्रतिबंध लगाया था। अब इस आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को कुछ छूट दी गई है। जारी आदेश अनुसार अब अवकाश पर प्रतिबंध केवल उन अधिकारी कर्मचारियों के मामले में ही लागू रहेगा, जिनकी ड्यूटी स्ट्रांग रूम की निगरानी, मतगणना एवं अन्य निर्वाचन कार्यों में लगी हुई है। अन्य शेष अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### बाल श्रम से संबंधित टास्क फोर्स की ट्रेनिंग आज

**हरदा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जून माह में बाल श्रम बचाव अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के लिये जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। टास्क फोर्स समिति के सदस्यों का ऑनलाइन प्रशिक्षण 16 मई को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस समिति में कलेक्टर आदित्य सिंह के अलावा पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल श्रम अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, विधिक सहायता अधिकारी, रोजगार अधिकारी, प्राचार्य आईटीआई, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति को शामिल किया गया है।

### जंगली सुअर के हमले में महिलाएं घायल

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पचोला के पास जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर जंगली सुअर ने हमला बोल दिया, जिसमें पांच महिलाएं घायल हो गई है। जिनमें से दो महिलाओं को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पचोला की रहने वाली द्रोपता गांव की महिलाओं के साथ जंगल मे सुबह से तेंदूपत्ता तोड़ने गई हुई थी। तभी जंगली सुअर ने उनके ऊपर हमला कर जांघ में काट लिया। इस दौरान गिरने से उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया है। घटना मंगलवार सुबह की बताई है। घटना में एक अन्य घायल महिला संजू को करीब आधा किलोमीटर दूरी पर जंगली सुअर ने पहले हाथों में कांटा फिर जांघ पर हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान जब पास ही में पत्ते तोड़ रहा उनका देवर गंगाप्रसाद उन्हें बचाने के लिए आया तो सुअर ने उसे भी गिराकर जंगल की तरफ भाग गया। गंगा प्रसाद ने बताया कि सम्भवतः जंगली सुअर पागल हो गया है, जिसके चलते उसने पत्ते तोड़ रही अन्य महिलाओं पर भी हमला किया है।

झोलाछाप डॉक्टर कर रहे गंभीर रोगों का इलाज

# लापरवाहीः जिम्मेदारों की मेहरबानी से चल रही ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा







सीहोर जिले के भैरूंदा विकासखंड में यहां के जिम्मेदारों की निगरानी और मिलीभगत से गांव-गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें संचालित हो रही हैं। ये झोलाछाप डॉक्टर जहां गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं तो वहीं ये कई लोगों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों का जाल गांव-गांव में फैला हुआ है, लेकिन इन पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।

भैरूंदा विकासखंड के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों एवं इनके गांवों में झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से पैरक्टिस कर रहे हैं। कई जगह तो स्थिति यह है कि इन डॉक्टरों ने हाईटैक क्लीनिक भी खोल रखे हैं। यहां पर ये ग्रामीणों का इलाज करने के साथ ही उन्हें एडमिट भी करते हैं। यह पूरा खेल विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की निगरानी में किया जा रहा है।

#### कई गंभीर बीमारियों का करते हैं इलाज

गांव-गांव में फैले झोलाछाप डॉक्टर जहां सर्दी, खासी, जुकाम, बुखार का इलाज करते हैं तो वहीं ये लोग कई ऐसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज करके लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। ये अपने क्लीनिकों में लोगों को एडमिट करके उनके बॉटल चढ़ाते हैं, चीरा लगाते हैं, घुटनों में भी इंजेक्शन लगाते हैं। इससे कई लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं होती है।


#### उधारी में भी कर देते हैं इलाज दवाइयां भी देते हैं

गांवों में दुकानें चला रहे झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों का इलाज उधारी में भी कर देते हैं। कई मरीज इनके पास ऐसे भी इलाज कराने आते हैं, जिनके पास पैसे नहीं होते हैं तो ये लोग उनका इलाज उधारी में भी कर देते हैं। बाद में इनसे मनमाने पैसे भी वसूलते हैं। इसी तरह ये डॉक्टर बिना अनुमति के अपनी क्लीनिकों में दवाइयां भी रखते हैं और मरीजों को दवाइयां भी देते हैं। गांवों में दुकानें चला रहे ज्यादा झोलाछाप डॉक्टर, दसवीं, 12वीं पास हैं और इनके पास न कोई डिग्री है, न कोई अनुमति फिर भी धड़ल्ले से क्लीनिकें संचालित कर रहे हैं।

#### नहीं होती है कोई कार्रवाई

हमीदगंज में क्लीनिक संचालित कर रहे बंगाली डॉक्टर आनंद कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की जो भी सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अभियान चलाए जाते हैं, उसमें हमारे द्वारा गांव-गांव जाकर उस योजना के तहत कार्य किया जाता है। हम उनके लिए काम करते हैं।

# निषादराज केवट भगवान श्री राम के मित्र थे : कमल पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कहार समाज समिति हरदा के तत्वावधान में आयोजित प्रभु श्रीराम के परम भक्त निषादराज केवट महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजन हुआ। जहाँ परपूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने उपस्थित केवट, कहार समाज के सामाजिक बन्धुओ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के मित्र और निषादराज केवट ने ही उन्हें नदी पार कराया था। गुहराज निषादजी ने अपनी नाव में प्रभु श्रीराम को गंगा के उस पार उतारा था। वे केवट थे अर्थात नाव खेने वाले। निषादराज गुह मछुआरों और नाविकों के मुखिया थे। निषादराज गुह मछुआरों और नाविकों के राजा थे। उनका ऋृगवेरपुर में राज था। उन्होंने प्रभु श्रीराम को गंगा पार कराया था। वनवास के बाद श्रीराम ने अपनी पहली रात उन्हीं के यहां बिताई थी। श्रृंगवेरपुर में इंगुदी (हिंगोट) का वृक्ष हैं जहां बैठकर प्रभु ने निषादराज गुह से भेंट की थी।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज मनाया जाएगा

**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि डेंगू मच्छरों से उत्पन्न होने वाली एक वेक्टर जनित बीमारी है, जो हर साल न जाने कितने लोगों को अपना शिकार बनाती है, डेंगू के इसी बढ़ते प्रकोप को देखते हुये और इसके बारे में जनसामान्य को जागरूक करने के लिये प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को वाहक जनित रोगों के बारे में बताना और इसके लक्षण को पहचान कर इस बीमारी के इलाज के बारे में जागरूक करना है। उन्होने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित रोग है, जो एडिज नामक मच्छर के काटने से होता है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। उन्होने नेहरू स्टेडियम पर मंगलवार रात को आयोजित कार्यक्रम में फुटबॉल, वालीवाल, खो खो, हैंडबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा शिविर के लिये खिलाड़ियों को खेल सामग्री प्रदान की।

इस दौरान एसपी चौकसे ने स्टेडियम पर विभिन्न खेल गतिविधियों का निरीक्षण किया। खिलाडियों को खेल के साथ साथ अपने व्यक्तित्व का विकास करने, जीवन में अनुशासन, व संयम रखने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, अपने परिवार और हरदा जिले का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, प्रशिक्षक विकास पांडे, मोनिका मेहता, खो खो कोच भूपेंद्र सिंह तोमर, फुटबाल कोच इमरान खान, हैंडबल कोच गौतम विश्वकर्मा, वालीबाल कोच अनत्त यादव, हॉकी कोच संदीप सौदे व अजय पुर्विया उपस्थित थे।

# अयोध्या दर्शन कर लौट रही सुरेखा खोसे का ट्रेन में हुआ निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



अहमदनगर महाराष्ट्र के पास के गांव में रहने वाले बाबा साहब खोसे की पत्नी 55 वर्षीय सुरेखा का निधन अयोध्या यात्रा से वापस आ रही ट्रेन में हृदय गति रुक जाने से हो गया, रेलवे पुलिस को मिली सूचना के आधार पर सुरेखा के शव को खंडवा स्टेशन पर उतारा गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि लगभग 225 तीर्थ यात्री अहमदनगर से प्रयागराज एवं अयोध्या के दर्शन के लिए गए थे दर्शन करने के पश्चात वापसी में खंडवा के नजदीक सुरेखा का निधन ट्रेन में हो गया। घटना की जानकारी सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को प्राप्त हुई, उन्होंने हरीश कोटवाले को मोबाइल लगाकर बताया कि इस प्रकार की घटना हुई है स्टेशन पर जाकर परिजनों का सहयोग करना है, हरीश भाई ने मुझे फोन लगाया हम अस्पताल पहुंचे। पुलिस कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल लेकर आए, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम होने के पश्चात परिजनों मृतका सुरेखा बाई के पति राव साहब बाबासाहेब खोसे, ज्योति खोसे, सरजेराव खोसे , चंद्रकला कुचेकर को आरपीएफ थाना प्रभारी संजीव कुमार, मुबारक पटेल, हरीश कोटवाले, सुनील जैन ने सहयोग देते हुए शव वाहनी से भिजवाया गया।

ब्लॉक स्तरीय बैठक में समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की

# सीएमएचओ डॉ. जुगतावत ने की हरसूद व खालवा विकासखंड की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खण्डवा



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा बुधवार को विकासखण्ड हरसूद व खालवा में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में समस्त मेडिकल ऑफिसर, सी.एच.ओ., ए.एन.एम., एवं आशा सहयोगी उपस्थित थे। बैठक में डॉ. जुगतावत ने कहा कि दिये गये लक्ष्य अनुसार उपलब्धि प्राप्त करें अन्यथा आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने एन.सी.डी एवं सिकलसेल एनीमिया की जांच में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीयन कर सभी जांचे समय पर हो व पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री हो यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र, परिवार कल्याण, टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की। नियमित रुप से महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ संयुक्त बैठक ली जावें। इस दौरान हरसूद में सुपरवाइजर द्वारा नियमित सुपरवीजन नही करने पर बी.एम.ओ. के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आशीषराज मिश्रा, डॉ. अरुण सिंह, जिला माध्यम एवं विस्तार अधिकारी व्ही.एस.मण्डलोई, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला शव शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के टिमरनी रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को सरकारी अस्पताल भेजा है। वही मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की 55 से 60 वर्ष के आसपास है। शव इटारसी रेल खंड के डाउन ट्रैक पर खंभा नंबर-685 के पास मिला है। पुलिस को रेलवे ट्रैक मैन ने शव पड़ा होने की सूचना दी गई थी। जिसके बाद मौके पर जाकर पंचनामा तैयार कर शव की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे है। हालांकि, पहचान नहीं होने से शव को मॉर्चुरी में रखा गया है।

# कांग्रेस ने लगाए भाजपा और प्रशासन पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को हरदा में हुई घटना के बाद कांग्रेस ने भाजपा और प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाये। प्रेसवार्ता में विधायक आर के दोगने ने आरोप लगाया कि जिले में लगातार अवैध मादक पदार्थ, गांजा, जुआ, सट्टा जैसे कई अवैध कारोबार चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को एसपी एवं कलेक्टर के बंगले से चंद कदमों को दूरी पर सरेआम भाजपा नेत्री के बेटे ने अवैध हथियार से एक युवक पर जानलेवा हमले का प्रयास किया। वहीं दो अन्य युवकों के साथ मारपीट भी की। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आचार संहिता के दौरान आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आया इस बात की जांच करनी चाहिए। वहीं आरोपी पर अवैध हथियार रखने का भी मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने अवैध कट्टा बरामद किस दवाब में जब्त नहीं किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि घटना के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी थी। जिसे हरदा जिला अस्पताल में भी निकाला जा सकता था। लेकिन पुलिस उसे बचाने के लिए इंदौर रेफर कराने का काम किया है। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने इन आरोपों पर कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है, इसलिए कुछ भी आरोप लगा रही है। व्यक्तिगत घटनाओं को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए।

शिविर समापन अवसर पर बच्चों के साथ सांगानेर से पधारी दीदीयों का भी होगा सम्मान

# 10 दिनों में ही बच्चों ने धर्म की शिक्षा का किया अध्ययन, सीखे धर्म के गुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




स्कूली शिक्षा के साथ बच्चों को धर्म एवं संस्कृति की शिक्षा भी अनिवार्य है, आज के इस मोबाइल आधुनिक युग में बच्चे भटके नहीं इस हेतु 10 दिवसीय संस्कार शिविरो के माध्यम से बच्चों को संस्कारित गया, शिविर समापन के एक दिन पूर्व बच्चों एवं बड़ों की दीदीयो द्वारा परीक्षा भी ली गई, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बच्चों को धर्म से जुड़े रखने के लिए दिगंबर जैन खंडेलवाल ट्रस्ट मंडल, मां त्रिशला पाठशाला नवकार संस्कार पाठशाला के तत्वावधान में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन राजस्थान सांगानेर तीर्थ से पधारी प्रशिक्षित अंशिका एवं मुस्कान दीदी के मार्गदर्शन में 5 मई से प्रारंभ वह जिसका समापन आज 15 मई को होने जा रहा है बजरंग चौक स्थित महावीर जैन मंदिर एवं संत निवास में चल रहै इस शिविर में बच्चों के साथ ही बड़ों ने भी धर्म की शिक्षा ग्रहण की, जिसमें बच्चे, युवाओं के साथ साथ ही,बड़ी संख्या में बच्चो ने इस शिविर में धर्म की शिक्षा के साथ देव दर्शन भगवान की पूजा एवं भगवान का अभिषेक करना सीखा और आजीवन सप्त व्यसनों का त्याग भी किया, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया आज के युग में हम सभी का प्रथम कर्त्तव्य बच्चों में नैतिक मूल्यों,सामाजिक, धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण करना है, आज के भौतिक सुख सुविधाओं , विविध गैजैट्स की सुलभता,छोटे परिवार,बोर्डिंग स्कूल शिक्षा बच्चों के विघटन एवं पराभव का कारण बनते हैं, मोबाईल,लैपटाप का बढता स्क्रीनटाईम शारीरिक,मानसिक एवं नैतिक पतन का कारण बनता है,ऐसे में नैतिक मूल्य,संस्कार बच्चों मे इन बुराईयों से लडने की क्षमता प्रदान करते हैं ! जैन धर्म वैज्ञानिक धर्म है इसके प्रत्येक सिद्धांत विज्ञान एवं तर्क आधारित हैं ! जीवन के प्रत्येक पल में बालक के संस्कार उसके जीवन को प्रभावित करते है. ! संस्कार पाठशाला का उद्देश्य बालकों में ज्ञान के साथ चेतना का प्रवाह करना है, समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया ने बताया कि उपरोक्त विषय पर ग्यारह दिवसीय संस्कार शिविर का 15मई बुधवार को समापन होगा, इस अवसर पर सिविल में प्रशिक्षित बच्चों का आकर्षक जूलूस जैन मंदिर से प्रातः 7.30 बजे निकाला जायेगा

मेधावी छात्र,छात्राओं,सहयोगी संस्थाओं का इस अवसर पर सम्मान कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा, एवं धर्म की परीक्षा में शामिल सफल बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा, समाज द्वारा राजस्थान सांगानेर सांगानेर से बच्चों को संस्कारित करने पधारी अंशिका एवं मुस्कान दीदी का भी सम्मान किया जाएगा, सफल शिविर के समस्त कार्यक्रमों का आयोजन सरावगी दि.जैंन पंचायत ट्रस्ट, मां त्रिशला मंडल,नवकार संस्कार पाठशाला, जय जिनेंद्र महिला मंडल , अखिल भारतीय महिला परिषद एवं मुनि सेवा समिति खंडवा के सहयोग से किया गया,